मुख्य समाचार
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 08.08.2025 समय : 18.30 पीएम

0000

- केन्द्रीय कैबिनेट ने 12 हजार करोड़ रूपये से अधिक की लागत से पीएम उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं के लिए सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए प्रदेशवासियों से संवेदनशीलता के साथ प्रयास करने का आह्वान किया।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 11 अगस्त को झुंझुनूं में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा क्लेम की राशि वितरित करेंगे।
- चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट से राज्यों की ई मतदाता सूची हटाने की खबरों का खण्डन किया।

**0000**

केन्द्रीय कैबिनेट ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दे दी है। सरकार ने 12 हजार करोड़ रूपये से अधिक की अनुमानित लागत से साल 2025–26 के लिये इसे बढाने की स्वीकृति दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिये गये। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली में प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना से 10 करोड 33 लाख से अधिक परिवारों को फायदा पंहुचा है। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार घरेलू गैस सिलेण्डरों पर 300 रूपये तक की सब्सिडी देगी। ये सब्सिडी साल में 9 बार तक मिलेगी। सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के लिए तीस हजार करोड़ रूपये की क्षतिपूर्ति राशि भी मंजूर की है।

....

केन्द्र सरकार ने चार हजार 250 करोड़ रूपये के बजट के साथ तकनीकी शिक्षा योजना और अनुसंधान के लिए सहायता राशि मंजूर की है। इससे इजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में गुणवत्ता सुधार किया जायेगा।

.....

बैठक में असम और त्रिपुरा के लिए विशेष पैकेज भी स्वीकृत किया गया।

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि मानव जीवन का लक्ष्य सेवा होना चाहिए। सभी को संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगों को सशक्त बनाने के प्रयास करने चाहिए। श्री शर्मा आज जामडोली में विशेष योग्यजन सम्मान समारोह में बोल रहे थे। सामाजिक न्याय संकुल परिसर में आयोजित इस समारोह में विशेष योग्यजन बहनों ने मुख्यमंत्री को रक्षा सूत्र बांधे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इन बहनों से संवाद भी किया। उन्होंने दिव्यांगों को डिजिटल हियरिंग, ऐड, लर्निंग किट और ट्राइसाइकिल भेंट की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने संकुल परिसर में सिंदूर का पौधा भी लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के व्यक्ति तक अवश्य पंहुचना चाहिए।

0000

रक्षाबंधन का पर्व कल मनाया जायेगा। ये दिन भाई बहनों के असीम स्नेह को समर्पित है। इस दिन बहन भाई की कलाई पर राखी यानी रक्षा सूत्र बांधती है और भाई उसे रक्षा का वचन देता है।

00000

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने रक्षा बंधन पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि भाई बहन के अटूट बंधन का ये त्यौहार समाज में समरसता और एकता की भावना को बढ़ावा देता है। उन्होंने कहा कि यह त्यौहार भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और नैतिक मूल्यों को संरक्षित करने का एक अवसर भी है।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े संस्कृत दिवस की पूर्व संध्या पर आज प्रदेशवासियों के नाम शुभकामना संदेश देंगे। ये संदेश आकाशवाणी के सभी केन्द्रों से अब से कुछ ही देर में शाम 7 बजे प्रसारित किया जायेगा। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने संस्कृत दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में श्री देवनानी ने कहा कि संस्कृत भारतीय ज्ञान परम्परा दर्शन और विज्ञान की मूल आत्मा है। इसे संरक्षित रखना हमारी सांस्कृतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि संस्कृत दिवस अपनी जडों से जुडे रहने और विरासत को अगली पीढी तक पंहुचाने के लिए प्रेरित करता है।

000

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 11 अगस्त को किसानों को फसल बीमा क्लेम की राशि वितरित की जायेगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान झुंझुनूं में होने वाले इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। कृषि और उद्यानीकी प्रमुख शासन सचिव राजन विशाल ने आज इस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक की। उन्होंने जयपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंन्सिंग के माध्यम से झुंझुनूं, कोटपूतली और सीकर जिला कलेक्टरों के साथ इस बारे में चर्चा की। श्री विशाल ने नोडल अधिकारियों से आपसी तालमेल से काम करते हुए समारोह के लिए सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर की मुहाना फल सब्जी मंडी में बायो सीएनजी प्लांट लगाने की परियोजना को मंजूरी दी है। इससे सब्जी मंडी में जैविक कचरे का सही तरीके से प्रबंधन हो सकेगा और उसे कम्पोस्ट और बायो– सीएनजीमें बदला जा सकेगा। इस संयत्र की स्थापना पीपीपी मॉडल पर की जायेगी। इससे रोजाना सौ टन जैविक कचरे को प्रोसेस किया जा सकेगा, जिससे पांच टन कम्पोस्ट और बायो सीएनजी उत्पन्न होगी।

000

प्रदेश में दस श्रमिकों तक के नियोजन पर संस्थानों को पंजीयन से छूट मिलेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दुकान और वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958 में संशोधन कर ये रियायत दी है। इससे छोटी दुकानों और वाणिज्यिक संस्थानों को व्यापार करने में सहूलियत मिल सकेगी।

000

निर्वाचन आयोग ने आज विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चल रही उन खबरों का खंडन किया जिनमें चुनाव आयोग की ओर से रातोंरात अपनी वेबसाइट से कई राज्यों की ई–मतदाता सूची हटाने की बात की गई है। आयोग ने इन खबरों को गलत बताते हुए कहा कि आयोग की वेबसाईट से कोई भी व्यक्ति 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से किसी की भी मतदाता सूची डाउनलोड कर सकता है।

000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भरोसा जताया है कि इस साल के आखिरी तक देश की लॉजिस्टिक्स लागत घटकर 9 प्रतिशत रह जाएगी। आज नई दिल्ली में निजी समाचार चैनल के सम्मेलन में श्री गडकरी ने इसका श्रेय देश के बुनियादी सड़क ढांचे में हुए उल्लेखनीय सुधार को दिया।

.....

श्री गडकरी ने कहा कि लॉजिस्टिक्स लागत में यह कमी देश के निर्यात क्षेत्र को व्यापक बढ़ावा देगी। जिससे निर्यात में डेढ़ गुना तक की बढोतरी होने की संभावना है।

000

विश्व आदिवासी दिवस कल है। दुनियाभर में ये दिन आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा और उनकी संस्कृति तथा पहचान का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम आदिवासी लोग और ए आई –अधिकारों की रक्षा और भविष्य को आकार देना रखी गई है। इस दिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आदिवासियों की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों के बारे में लोगों को जानकारी दी जाती है। इसी कडी में केन्द्रीय संचार ब्यूरो की ओर से सवाईमाधोपुर में विश्व आदिवासी दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम रखा गया। प्रभारी अधिकारी नेमीचंद मीना ने बताया कि इस दौरान विभिन्न प्रतियेगिताएं हुई। इसके साथ ही आदिवासियों के अधिकारों और उनकी समस्याओं पर चर्चा की गई। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं दी है। श्री बागडे ने आदिवासियों को मुख्य धारा में लाने और उनकी प्रकृति संरक्षण परम्पराओं के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया।

0000

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के साथ ही प्रदेशभर में हर घर तिरंगा अभियान जोर शोर से मनाया जा रहा है। ये अभियान सभी में देशभक्ति के जज्बे को प्रोत्साहित करता है। अभियान के तहत सवाईमाधोपुर में आज विद्यालयों में विभिन्न प्रतियोगिताएं रखी गई। वहीं बाडमेर में छात्र छात्राओं ने तिरंगा रैली निकालकर देशप्रेम का संदेश दिया। उधर नागौर में महिला और बाल विकास विभाग की ओर से तिरंगा रैली निकाली गई और आकर्षक रंगोली सजाई गई। सलूम्बर में स्कूली विद्यार्थियों ने तिरंगे की आकृति बनाकर देशभक्ति की भावना जगाई। अभियान के तहत श्रीगगानगर में राजीविका महिलाओं की तिरंगा थीम के उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गई।

0000

बांसवाडा में आज एक सडक हादसे में तीन श्रमिकों की मृत्यु हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार दुर्घटना सदर थाना क्षेत्र के कुपडा मार्ग पर ट्रक के पलटने से हुई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं गम्भीर रूप से घायल एक मजदूर को उदयपुर रैफर किया गया है। वहीं जयपुर के दौलतपुर क्षेत्र में एक निजी बस के पलटने से दस यात्री घायल हो गए।

0000

रामदेवरा मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेल्वे दस अगस्त से एक और मेला स्पेशल ट्रेन चलायेगा। ये रेल 31 अगस्त तक चलेगी। इस दौरान ये रेलगाडी 22 फेरे करेगी। ये रेलगाडी राई का बाग, मंडोर, लोहावट और फलौदी सहित कई स्टेशनों पर रूकेगी।

0000

सेना की दक्षिण पश्चिम कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल मनजिन्दर सिंह ने आज श्रीगंगानगर में लालगढ जाटान सैन्य स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने प्रशिक्षण गतिविधियों और लॉजिस्टिक पहलुओं की समीक्षा की। उन्होंने ड्रोन और काउन्टर ड्रोन प्रयोगशालाओं का भी जायजा लिया।

0000